(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

# सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

**दूरभाषः** (0755) 2761225, **ई-मेलः** ***vidyabhartibpl@gmail.com***

***Web: www.vidyabhartimp.org,***

**पत्र क्रमांक : 305/2020** **दिनांक- 23/11/2020**

**प्रति,**

**श्रीमान प्राचार्य/प्रधानाचार्य/व्यवस्थापक महोदय,**
**सरस्तवी शिशु /विद्या मंदिर ..............**
**मध्यभारत प्रांत**

**विषयः- ऑनलाइन संस्कृति महोत्सव 2020।**

बन्धु/भगिनी,

सप्रेम नमस्कार।

भैया/बहिनों की सांस्कृतिक/बौद्धिक प्रतिभाओं को निखारने एवं उनके प्रकटीकरण हेतु इस वर्ष 2020-21 का संस्कृति महोत्सव ऑनलाइन रहेगा। जो विद्यालय जिला और प्रांत स्तर पर संपन्न होगा। संस्कृति महोत्सव की नियमावली एवं कार्यक्रम संबधी विस्तृत जानकारी आपकी ओर प्रेषित है।

नियमावली में दिए गए सभी कार्यक्रम विद्यालयों को लागू करना अनिवार्य है ताकि सभी कार्यक्रम प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके तथा भैया/बहिनों को उनकी प्रतिभा अनुरूप उचित अवसर प्राप्त हो सकें।

## प्रांतीय संस्कृति महोत्सव सत्र 2020-21

**प्रतियोगिता की वर्ग रचना-**

01. शिशु वर्ग - कक्षा चतुर्थी एवं पंचमी तक
02 बाल वर्ग - कक्षा षष्ठी से अष्टमी तक
03. किशोर वर्ग- कक्षा नवमी से दसवीं तक
04 तरूण गर्ग - कक्षा एकादशी से द्वादशी तक

**प्रतियोगिता का स्तर, तिथि एवं आयोजन स्थल-**

01. विद्यालय स्तर - 05 दिसम्बर तक
02. जिला स्तर - 25 से 31 दिसम्बर तक
03. विभाग स्तर - 2 जनवरी से 6 जनवरी तक
04. प्रांत स्तर - 11 जनवरी से 15 जनवरी तक

**प्रतियोगिताओं के नाम-**

01. व्यक्तिगत गीत
02. निबंध प्रतियोगिता
03. रंगोली प्रतियोगिता
04. चित्रकला प्रतियोगिता
05. एकल भजन
06. तात्कालिक भाषण
07. कथाकथन
08. एकल अभिनय
09. प्रश्न मंच

प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा।

**01 व्यक्तिगत गीत-**

- गीत गायन- समय सीमा 5 मिनट रहेगी।
- गीत हिंदी भाषा में ही होना चाहिए, क्षेत्रीय भाषा में गीत मान्य नहीं होगा।
- व्यक्तिगत गीत में प्रस्तावना एवं अलाप का उपयोग न करें।
- गीत में न्यूनतम दो चरण और अधिकतम तीन चरण होना चाहिए।
- गीत राष्ट्रभक्ति परक एवं प्रेरणा देने वाला होना चाहिए।
- गीत में वाद्य यंत्रों का प्रयोग वर्जित रहेगा।
- गीत का वीडियो प्रतियोगिता के दिनांक को ही दिए गए समय में बना कर संबंधित व्हाट्सएप पर भेजना है।

**02 निबंध प्रतियोगिता -**

- इसकी अधिकतम समय सीमा 60 मिनट की रहेगी।
- प्रत्येक वर्ग को निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा। विषय की सूचना निर्णायक द्वारा पर्ची उठाकर पर्ची में आए विषयानुसार दी जाएगी। इसकी सूचना प्रतिभागी को फोन या व्हाट्सएप के द्वारा प्राप्त होगी।
- प्रतिभागी को अपने निबंध का 5 मिनट का वीडियो भी भेजना होगा जिसमें निबंध की शुरूआत करते हुए मध्य की क्लिपिंग और अंत की रिकॉडिग हो। साथ ही प्रतिभागियों को अपने निबंध का फोटो निर्णायकों के लिए दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजना होगा।

**निबंध के विषय-**

अ. शिशु वर्ग - 01. गौ माता 02. मेरा घर 03. स्वच्छ रहें स्वस्थ रहें

ब. बाल वर्ग - 01. मेरी दिनचर्या 02. मेरा परिवार 03. जैसा खाएं अन्न वैसा बने मन

स. किशोर वर्ग- 01. योग एक जीवन पद्धति 02. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (प्राथ. शिक्षा के परिपेक्ष्य) 03. मेरा देश बदल रहा है 04. स्वाबलम्बी स्वाभिमानी देश बनाए

द. तरूण वर्ग- 01. आत्म निर्भर भारत 02. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (व्यवसायिक शिक्षा) 03. भारत की बढ़ती वैश्विक ख्याति 04. नव संचार माध्यमों का सदुपयोग 05. कोविड-19 संक्रमण के प्रभाव एवं सुरक्षा के उपाय।

**रंगोली प्रतियोगिता-**

01. रंगोली प्रतियोगिता के लिए 2X2 फीट का स्थान निर्धारित रहेगा।
02. रंगोली बनाने की समय सीमा अधिकतम 60 मिनट रहेगी।
03. प्रतिभागी चॉक, पेंसिल से रेखांकन न करें और ना ही किसी उपकरण का उपयोग करें।
04. रंगोली में काले रंग का उपयोग नहीं करें।
05. रंगोली में देवी-देवता अथवा महापुरूषों के चित्र ना हो।
06. रंगोली में रंगों के अतिरिक्त अन्य सामग्री का उपयोग वर्जित रहेगा।

प्रतिभागी रंगोली का वीडियो बनाते समय की छोटी क्लिपिंग तथा पूर्ण होने पर 01 मि. की रंगोली का वीडियो बनाकर दिये गये वाट्सप नम्बर पर भेजेगें।

**चित्रकला-**

01. शिशु वर्ग - पेंसिल एवं मोम के रंग से स्वयं के चुने विषय पर चित्र बनाना है।
02. बाल वर्ग - जल रंग से सरस्वती माता का चित्र बनाना है। चित्र की आकृति विद्या भारती कुरूक्षेत्र द्वारा प्रकाशित चित्रमाला पर आधारित होना चाहिए। प्रतिभागियों को चित्र आयोजकों द्वारा व्हाट्सएप पर दिया जावेगा।
03. किशोर वर्ग - स्वच्छता अभियान
04. तरुण गर्ग - अयोध्या के राम

**आलोक-**

शिशु तथा बाल वर्ग के प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट के चौथाई भाग 11X14 (इंच) का उपयोग करके चित्र बनाना है। किशोर और तरुण वर्ग के प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट का आधा भाग 14X22 (इंच) का उपयोग करना है।

सभी वर्गों के लिए समय सीमा अधिकतम 60 मिनट रहेगी। सभी वर्गों में स्केच पेन का उपयोग वर्जित रहेगा।

**तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता -**

01. शिशु वर्ग- समय सीमा 03 मिनट रहेगी
    विषय - 01. मेरा घर 02. कोरोना क्या है
02. बाल वर्ग- समय सीमा 03 मिनट रहेगी
    विषय - 01. जैविक खेती 02. वृक्ष और जल
03. किशोर वर्ग- समय सीमा 05 मिनट
    विषय - 01. स्वभाषा से स्वाभिमान 02. बौद्धिक आतंकवाद 03. स्वरोजगार

E:\P- 20-21\sansakrti Gyan & bhodh,

04. तरुण वर्ग- समय सीमा 05 मिनट

विषय - 01. भारतीय सेना का पराक्रम 02. अनुच्छेद 370 एवं 35 A

03. अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग 04. अयोध्या के राम

तात्कालिक भाषण का विषय निर्णायकों द्वारा पर्ची उठाकर बताया जावेगा जो प्रतिभागी को फोन पर या व्हाट्सएप पर सूचित किया जाएगा उसके पश्चात प्रतिभागी अपने विषय के भाषण का वीडियो बनाकर आयोजकों द्वारा दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजेगें। निर्णायकगण वीडियो सुनकर मूल्यांकन करेंगे।

**कथाकथन**- सभी वर्गों में समय सीमा अधिकतम 05 मिनिट रहेगी।

विषय- लॉकडाउन के दौरान दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर दिखाए गए धारावाहिक- रामायण, महाभारत, विष्णु पुराण और श्री कृष्ण पर आधारित कोई एक घटना पर कथाकथन होगा। प्रतिभागी किसी भी एक विषय पर अपने कथाकथन का वीडियो बनाकर आयोजकों को भेजेगें।

**एकल अभिनय**- समय सीमा 05 मिनट रहेगी

- संवाद पार्श्व संगीत के लिए किसी भी संगत कलाकार या टेप रिकॉर्डर का उपयोग वर्जित है।
- एकल अभिनय में सांस्कृतिक मर्यादाओं का ध्यान रखें, अश्लील, नशा खोरी, चोरी एवं नकारात्मक संदेश देने वाले अभिनय वर्जित रहेगें।
- प्रतिभागियों को अपने अभिनय का वीडियो बनाकर आयोजकों को भेजना होगा।

**एकल भजन प्रतियोगिता**- सभी वर्गों के लिए समय सीमा अधिकतम 05 मिनट रहेगी।

भजन प्रतियोगिता में प्रतिभागी वाद्य यंत्रों एवं संगत कलाकारों का प्रयोग नहीं कर सकेगा अथवा प्रतिभागी को अपने भजन का वीडियो बनाकर आयोजकों को भेजना होगा। प्रतियोगिताओं के वीडियो व्हाट्सएप पर भेजने के स्थान पर टेलीग्राम एप से भेजें ताकि वीडियो की साइज बड़ी होने पर भी वह आयोजकों को प्राप्त हो जाए इसके लिए आप अपने मोबाइल पर टेलीग्राम एप डाउनलोड कर लेवे इसको डाउनलोड करने व चलाने की प्रक्रिया व्हाट्सएप एप की तरह ही है।

**प्रश्न मंच प्रतियोगिता -**

- प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सभी पुस्तकें सत्र 2020-21 की ही पीडीएफ में उपलब्ध होगी। जो विद्याभारती शिक्षा संस्थान से लिंक उपलब्ध हो सकेगी।
- प्रश्न मंच प्रतियोगिता जूम एप पर संपन्न होगी।
- प्रश्न पूछने के पश्चात उत्तर देने का समय 20 सेकण्ड रहेगा।
- प्रश्न पूछने का क्रम निर्णायक निर्धारित करेंगे।

संस्कृति महोत्सव की सभी प्रतियोगिताएं निःशुल्क रहेगी और प्रमाण पत्र ऑनलाइन ही प्राप्त होंगे।

संस्कृति महोत्सव जिला एवं विभाग स्तर के आयोजन की व्यवस्था, विभाग समन्वयक एवं संस्कृति बोध परियोजना के विभाग संयोजक/जिला संयोजक तथा विभाग समन्वयक द्वारा गठित टोली के माध्यम से संपन्न होगी।

सभी प्रतियोगिता में 03 निर्णायक होगें, उनके अंक पत्रकों को जोड़कर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया/बहिनों को विजेता घोषित किया जावेगा। ऑनलाइन संस्कृति महोत्सव के प्रतियोगिता स्थल का निर्णय विभाग समन्वयक करेंगे।

**(मोहनलाल गुप्ता)**
प्रादेशिक सचिव

**प्रतिलिपि -**

1. श्रीमान अध्यक्ष/संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री महोदय मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्राप्त प्रमुख/ समस्त विभाग समन्वयक महोदय, मध्यभारत प्रांत।
3. प्रांतीय कार्यालय, ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्यभारत।

E:\P- 20-21\sansakrti Gyan & bhodh,